# दूसरी डोज के लिए बुलाएंगे आज 15 हजार टीके का लक्ष्य

रतलाम। जिले में कोविड टीकाकरण महाअभियान में बुधवार को शहर के प्रत्येक वार्ड में टीकाकरण सेंटर रहेगा। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने टीकाकरण अभियान में निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अधीनस्थ अमले को लगातार मानीटरिंग करने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर ने यह भी स्पष्ट किया है कि महाभियान दिवसों में सेकंड डोज की पेंडेंसी को समाप्त किया जाए। जिले में कोविशील्ड एवं को-वैक्सीन के टीके पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। कलेक्टर ने सभी नागरिकों से आह्वान किया है कि वे सेकंड डोज निर्धारित समय पर लगवाएं। पहला डोज लगवाने का फायदा तभी मिलता है जब टीके का सेकंड डोज समय पर लग जाए। बुधवार को शहर में 15 हजार टीके लगाए जाने का लक्ष्य है। इसके लिए लोगों को मोबाइल पर काल भी किए जा रहे हैं। नगरीय क्षेत्र में प्रत्येक जोन से ड्यू व्यक्तियों को कालिंग कर उन्हें सेंटर पर लाकर टीकाकरण के लिये प्रेरित किया जाएगा।



### कलेक्टोरेट, मंडी व पंजीयक कार्यालयों में भी वैक्सीनेशन

रतलाम। कोरोना वैक्सीनेशन से कोई छूटे नहीं, कोई वंचित नहीं रहे। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर जिले के कृषि उपज मंडी परिसरों, कलेक्टोरेट परिसर में भी वैक्सीनेशन सेंटर बनाया गया है। टीकाकरण दल कलेक्टोरेट में आने वालों से वैक्सीन के संबंध में पूछताछ कर रहा है। मंगलवार को वैक्सीनेशन दल द्वारा कलेक्टोरेट आने वाले 24 व्यक्तियों को वैक्सीनेट किया गया। इसके अलावा जिला मुख्यालय स्थित पंजीयक कार्यालय तथा तहसीलों के उपपंजीयक कार्यालय परिसरों में भी रजिस्ट्री करवाने आने वाले व्यक्तियों को वैक्सीनेट करने के लिए वैक्सीनेशन दल तैनात किए गए हैं।

नईदुनिया 10/11/21

**अव्यवस्था** • डोर टू डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था नहीं सुधार पा रहे आयुक्त-उपायुक्त, कलेक्टर दे चुके हैं चेतावनी

# जीपीएस फेल, मनमाने रूट पर दौड़ रहीं कचरा कलेक्शन गाड़ियां, वाहनों में बैठे रहते हैं हेल्पर, मनमर्जी से ड्यूटी कर रहे ड्राइवर

भास्कर संवाददाता | रतलाम

अफसरों की लापरवाही के चलते डोर टू डोर कचरा संग्रहण वाहन व्यवस्था सुधर नहीं पा रही है। जीपीएस पूरी तरह फेल है, मॉनिटरिंग नहीं हो पा रही। इसका फायदा उठाते हुए ड्राइवर मनमाने रूट पर कचरा कलेक्शन कर रहे हैं। शहर के कई इलाकों से नियमित कचरा नहीं उठ रहा है। ड्राइवर और हेल्पर की मनमर्जी जारी है।

कायदे से हेल्परों को घर के आगे रखा कचरा गाड़ी में डालना होता है, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा। अधिकांश हेल्पर वाहन में बैठे रहते हैं, तो कुछ हेल्पर तो गाड़ी से ही नदारत रहते हैं। ड्राइवर बिना बताए ड्यूटी पर नहीं आते। मंगलवार को वार्ड 8, 12, 19 और 27 की कचरा कलेक्शन वाहन के ड्राइवर नहीं आए। कुछ यही हाल उपायुक्त विकास सोलंकी के है, जिन्होंने गैरहाजिर ड्राइवरों पर तत्काल कार्रवाई करने के आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा सुबह दिए आदेश पर नोटिस जारी करने में शाम कर दी।

## डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन की ऐसी है स्थिति

- **सेंट्रलाइज व्यवस्था नहीं** - डोर टू डोर कचरा कलेक्शन की सेंट्रलाइज व्यवस्था नहीं है। गाड़ियां पलसोड़ा फंटा स्थित नए वर्कशॉप में खड़ी रहती हैं। डीजल भरने कॉमर्स कॉलेज के सामने वाले पेट्रोल पंप जाना पड़ता है, कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड में खाली होता है। खराबी आ जाए तो निगम परिसर स्थित गैरेज जाओ।
- **जीपीएस फेल** - जुलाई से बंद पड़े हैं। जनवरी में भोपाल की कंपनी द रिनाउंसर ने निगम के 142 में से 90 से ज्यादा वाहन पर लगा दिए थे। छोटे से विवाद के बाद एक इंजीनियर ने फाइल चलाकर सिर्फ एक नोटिस देकर जून में टेंडर निरस्त करवा दिया। निगम के नाकारा अफसर दूसरी बार टेंडर नहीं कर पाए।
- **बायोमेट्रिक्स उपस्थिति नहीं** - तीन-चार बार कोशिश करने के बावजूद नगर निगम सफाई अमले की बायोमेट्रिक्स उपस्थिति की व्यवस्था सुचारु नहीं करवा पाया है। जीपीएस के लिए हुए टेंडर में शर्त थी। कंपनी ने कुछ मशीन लगाई थी, जिसे कर्मचारियों ने खराब कर दिया। निगम खुद मशीन नहीं लगा पा रहा। इससे अव्यवस्था फैली हुई है।
- **कमीशन का खेल** - दो साल पहले टेंडर करके निजी हाथों में दी कचरा कलेक्शन व्यवस्था को अफसरों ने फेल कर दिया था। इसकी वजह डीजल, मेंटेनेंस में कमीशन और ड्राइवर व हेल्परों की नियुक्ति में होने वाले भ्रष्टाचार को बताया जा रहा है। निजी हाथों में जाने से कमाई रुक गई थी, जो धड़ल्ले से चल रही है।



ये नजारा है वार्ड 14 का, कचरा गाड़ी का हेल्पर नहीं होने से लोग खुद ही कचरा डाल रहे थे।

### इन कचरा संग्रहण वाहन चालक का वेतन काटा गया

- कैलाश परमार (वार्ड-8),
- दिनेश परमार (वार्ड-12),
- रविंद्र (वार्ड-19),
- पवन जैथपुरिया (वार्ड-27)

### मंगलवार को इन क्षेत्रों में नहीं पहुंची कचरा कलेक्शन गाड़ी

- मेहता जी का वास,
- धबाईजी का वास,
- अलकापुरी बी कॉलोनी,
- लंबी गली,
- धीरजशाह नगर,
- सज्जन विहार कॉलोनी,
- डोंगरे नगर गली नंबर पांच,
- श्रीनगर, • शांति निकेतन,
- कल्याण नगर आदि।

भास्कर

दै. भास्कर 10/11/21

**अभियान** आज वैक्सीनेशन महा अभियान पर जिले में लगाए जाएंगे 50 हजार टीके

# 25 नवंबर तक शहर में शत प्रतिशत वैक्सीनेशन का लक्ष्य

**रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क**

कोविड-वैक्सीन महा अभियान 10 नवंबर को आयोजित किया जा रहा है। उक्त दिवस जिले में 50 हजार टीके लगाए जाएंगे। अभियान की तैयारियों के लिए एक वृहद बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सोमवार शाम आयोजित हुई जिसमें कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा अभियान की रूपरेखा बताई गई। बैठक में शासकीय अधिकारियों के अलावा अशासकीय संस्थाओं के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने बताया कि रतलाम शहर में आगामी 25 नवंबर तक शत प्रतिशत वैक्सीनेशन का लक्ष्य है। शत प्रतिशत लक्ष्य अर्जित करने पर रतलाम पूरे मध्यप्रदेश का पहला शहर होगा। शहर में 70 प्रतिशत सेकंड डोज लग चुका है। महा अभियान दिवस पर 10 नवंबर को पूरे जिले में 50 हजार टीके लगाए जाएंगे। इसके अलावा आगामी 25 नवंबर तक प्रत्येक दिवस 10 हजार टीके लगाने का लक्ष्य है। कलेक्टर ने कहा कि हमारा प्रयास शीघ्र अति शीघ्र पूरे जिले में दोनों डोज शत-प्रतिशत पूरे करना है। शादी ब्याह में भी शत प्रतिशत वैक्सीनेशन पर फोकस किया जाना है। मैरिज गार्डन संचालक सुनिश्चित करेंगे कि उनके यहां होने वाले वैवाहिक आयोजन में सम्मिलित होने वाले सभी शत प्रतिशत व्यक्ति दोनों डोज लगा चुके हो। यदि ऐसा नहीं होगा तो वैवाहिक अनुमति नहीं दी जाएगी। इसके लिए मैरिज गार्डन संचालक की मांग पर वहां वैक्सीनेशन कैंप भी आयोजित किया जा सकता है। शत प्रतिशत टीकाकरण के लिए कलेक्टर द्वारा सभी सामाजिक संस्थाओं से भी सहयोग की अपील की गई। उन्होंने लोगों को प्रेरित करने के लिए वातावरण निर्माण की बात कही। रतलाम शहर में 10 नवंबर को प्रत्येक वार्ड में वैक्सीनेशन सेंटर उपलब्ध रहेंगे। कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया कि जिले की सभी कृषि उपज मंडियों में स्थाई वैक्सीनेशन सेंटर की व्यवस्था की जाएगी।

## ये रहे उपस्थित

स्वास्थ्य विभाग के प्रत्येक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर स्थाई वैक्सीनेशन सेंटर रहेगा। रजिस्ट्रार तथा सब रजिस्ट्रार कार्यालयों में भी स्थाई वैक्सीनेशन सेंटर रहेंगे। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी प्रत्येक ग्रामीणजन को पता हो कि उसका वैक्सीनेशन सेंटर कहां है। जिला शिक्षा विभाग प्रत्येक स्कूल में अभियान संचालित कर बच्चों के माध्यम से उनके पालकगणों के वचन पत्र भरवाकर प्राप्त करें कि उनके द्वारा वैक्सीन के दोनों डोज लगवा लिया गए हैं।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिड़े, एसडीएम अभिषेक गहलोत, सीएमएचओ डॉ.प्रभाकर ननावरे, निगम आयुक्त सोमनाथ झरिया, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.वर्षा कुरील, महिला बाल विकास अधिकारी रजनीश सिन्हा, जन अभियान परिषद् के जिला समन्वयक रत्नेश विजयवर्गीय, गोविंद काकानी, सोमेश पालीवाल, मोहनलाल मुरलीवाला, निलेश गांधी, दृश्य वेलफेयर सोसायटी के नवोदित बैरागी, अन्य सामाजिक संस्थाओ जैसे खुशी एक पहल , रॉबिन हुड आर्मी, लायंस क्लब, मानव सेवा समिति, जय केला माता संस्था, चाइल्ड लाइन, रतनपुरी सीनियर सिटीजन संस्था, आरो आश्रम आदि के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

२५

राज एक्सप्रेस 10/11/21

# वैक्सीनेशन महाभियान पर जिले में आज लगाए जाएंगे 50 हजार टीके

**रतलाम ●** कोविड-वैक्सीन महाभियान 10 नवम्बर को आयोजित किया जा रहा है। उक्त दिवस जिले में 50 हजार टीके लगाए जाएंगे। अभियान की तैयारियों के लिए एक वृहद बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित हुई, जिसमें कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा अभियान की रूपरेखा बताई गई। बैठक में शासकीय अधिकारियों के अलावा अशासकीय संस्थाओं के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने बताया कि रतलाम शहर में आगामी 25 नवम्बर तक शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन का लक्ष्य है। शत-प्रतिशत लक्ष्य अर्जित करने पर रतलाम पूरे मध्यप्रदेश का पहला शहर होगा। शहर में 70 प्रतिशत सेकंड डोज लग चुका है। महाभियान दिवस पर 10 नवम्बर को पूरे जिले में 50 हजार टीके लगाए जाएंगे। इसके अलावा आगामी 25 नवम्बर तक प्रत्येक दिवस 10 हजार टीके लगाने का लक्ष्य है। कलेक्टर ने कहा कि हमारा प्रयास शीघ्र अतिशीघ्र पूरे जिले में दोनों डोज शत-प्रतिशत पूरे करना है। शादी-ब्याह में भी शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन पर फोकस किया जाना है। मैरिज गार्डन संचालक सुनिश्चित करेंगे कि उनके यहां होने वाले वैवाहिक आयोजन में सम्मिलित होने वाले सभी शत-प्रतिशत व्यक्ति दोनों डोज लगा चुके हों। यदि ऐसा नहीं होगा तो वैवाहिक अनुमति नहीं दी जाएगी। इसके लिए मैरिज गार्डन संचालक की मांग पर वहां वैक्सीनेशन कैम्प भी आयोजित किया जा सकता है। शत-प्रतिशत टीकाकरण के लिए कलेक्टर द्वारा सभी सामाजिक संस्थाओं से भी सहयोग की अपील की गई। उन्होंने लोगों को प्रेरित करने के लिए वातावरण निर्माण की बात कही। रतलाम शहर में 10 नवम्बर को प्रत्येक वार्ड में वैक्सीनेशन सेंटर उपलब्ध रहेंगे। कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया कि जिले की सभी कृषि उपज मंडियों में स्थायी वैक्सीनेशन सेंटर की व्यवस्था की जाएगी। स्वदेश

स्वदेश 10/11/21

# कलेक्ट्रेट, मंडी परिसरों तथा पंजीयक कार्यालयों में वैक्सीनेशन सेंटर चालू किए

रतलाम। कोरोना वैक्सीनेशन से कोई छूटे नहीं, कोई वंचित नहीं रहे। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर जिले के कृषि उपज मंडी परिसरों में आने वाले किसानों को वैक्सीनेट करने के लिए स्थाई वैक्सीनेशन सेंटर की व्यवस्था की गई है।

इसके अलावा कलेक्ट्रेट परिसर में भी वैक्सीनेशन सेंटर बनाया गया है जहां तैनात टीकाकरण दल कलेक्ट्रेट में आने वालों से वैक्सीन के संबंध में पूछताछ कर रहा है। जिनको वैक्सीन नहीं लगी उनको वैक्सीनेट किया जा रहा है। मंगलवार को वैक्सीनेशन दल द्वारा कलेक्ट्रेट आने वाले 24 व्यक्तियों को वैक्सीनेट किया गया। इसके अलावा जिला मुख्यालय स्थित पंजीयक कार्यालय तथा तहसीलों के उपपंजीयक कार्यालय परिसरों में भी रजिस्ट्री करवाने आने वाले व्यक्तियों को वैक्सीनेट करने के लिए वैक्सीनेशन दल तैनात किए गए हैं।

# रैली निकाल मनाया अमृत महोत्सव

रतलाम। आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के तत्वावधान में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर मध्य प्रदेश के निर्देशानुसार मनाए जा रहे 45 दिवसीय अखिल भारतीय जागरूकता एवं पहुंच कार्यक्रम के अंतर्गत विधिक सेवा दिवस के अवसर पर एडीआर सेंटर जिला न्यायालय रतलाम में मोटरसाइकिल रैली का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में मोटरसाइकिल सवारों ने पेम्पलेट व बेनर के माध्यम से नालसा एवं सालसा के द्वारा चलाई जा रही विभिन्न विधिक सहायता योजनाओं प्रचार-प्रसार कर आम जनता को उक्त योजनाओं की जानकारी प्रदान की। रैली का शुभारंभ प्रधान जिला न्यायाधीश /अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रतलाम राजेश कुमार गुप्ता के द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया।

राज एक्सप्रेस 10/11/21

# कलेक्ट्रेट-मंडी में शुरू हुआ वैक्सीनेशन



रतलाम. कोरोना का पहला और दूसरा टीका लगवाने से वंचित लोगों का टीकाकरण करने के लिए कलेक्टर के निर्देश पर मंगलवार से कलेक्ट्रेट, मंडी परिसर और पंजीयक कार्यालय में टीकाकरण की शुरुआत कर दी गई। यहां पर टीकाकरण केंद्र स्थापित किए जाने से यहां काम के लिए आने वाले ऐसे लोग जो कि पहले या फिर दूसरे टीके को लगवाने से वंचित रह गए हैं, उनका टीकाकरण किया जाने लगा है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर जिले के कृषि उपज मंडी परिसरों में आने वाले किसानों को वैक्सीनेट करने के लिए स्थाई वैक्सीनेशन सेंटर की व्यवस्था की गई है। इसके अतिरिक्त कलेक्ट्रेट परिसर में भी वैक्सीनेशन सेंटर बनाया गया है, जहां तैनात टीकाकरण दल कलेक्ट्रेट में आने वालों से वैक्सीन के संबंध में पूछताछ कर रहा है। जिनको वैक्सीन नहीं लगी उनको वैक्सीनेट किया जा रहा है। मंगलवार को वैक्सीनेशन दल द्वारा कलेक्ट्रेट आने वाले 24 व्यक्तियों को वैक्सीनेट किया गया। इसके अलावा जिला मुख्यालय स्थित पंजीयक कार्यालय तथा तहसीलों के उपपंजीयक कार्यालय परिसरों में भी रजिस्ट्री करवाने आने वाले व्यक्तियों को वैक्सीनेट करने के लिए वैक्सीनेशन दल तैनात किए गए हैं। पत्रिका

पत्रिका 10/11/21

**आज वैक्सीन जरूर लगवाएं** • पहला डोज लगवाने के बाद घर न बैठें, पहला डोज लगवाने का फायदा तभी मिलता है, जब दूसरा डोज समय पर लग जाए

# शहर के हर वार्ड में रहेगा सेंटर, जिले में 50 हजार टीके लगाएंगे

भास्कर संवाददाता | रतलाम

आज जिले में वैक्सीनेशन का महाअभियान होगा। आपने वैक्सीन का डोज नहीं लगवाया है तो आपको जरूर जाना चाहिए। कोरोना से डर यदि दूर हो चुका है... आप



सोच रहे हैं कि कोरोना नहीं आएगा तो यूरोप से सबक ले सकते हैं। जहां चौथी लहर से लड़ने की तैयारी हो रही है। यूरोप में लॉकडाउन की आशंका है। 240 देशों में से 55 देशों में संक्रमण तेजी से बढ़ रहा है। पूर्वी यूरोप के देश रूस, युक्रेन और ग्रीस की स्थिति चिंताजनक है। ऐसे में बेहतर होगा कि हम सभी वैक्सीन लगवाकर सुरक्षित रहें।

**महाभियान में सेकंड डोज पर फोकस** : 10 नवंबर के महाभियान में भी सेकंड डोज पर फोकस रहेगा। जिले में सभी टीकाकरण केंद्रों पर सुबह से टीके लगाए जाएंगे। कोविशिल्ड और को-वैक्सीन के टीके उपलब्ध है। शहर में 10 नवंबर को 15 हजार टीके लगाए जाने का लक्ष्य है। इसके लिए लोगों को मोबाइल पर कॉल भी किए जा रहे हैं। हर जोन से ड्यू लोगों को कॉलिंग भी की जाएगी।

**दूसरा डोज लगे तभी फायदा** - कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया सेकंड डोज के लिए पात्र लोगों से अपील है कि वे डोज लगवाएं। पहला डोज लगवाने के बाद घर न बैठें। पहला डोज लगवाने का फायदा तभी मिलता है, जब टीके का दूसरा डोज समय पर लग जाए।

## शहर में यहां लगेगी वैक्सीन

### कोविशील्ड

| क्र. केंद्र | डोज |
|---|---|
| 1. शिवनगर प्राथमिक विद्यालय | 300 |
| 2. कम्युनिटी हॉल, गांधीनगर | 300 |
| 3. महर्षि दयानंद वैदिक विद्यालय, इंदिरा नगर | 300 |
| 4. गुरु रामदास स्कूल, विनोबा नगर | 300 |
| 5. गणेश नगर, यूपीएचसी | 300 |
| 6. कम्युनिटी हॉल, अलकापुरी | 300 |
| 7. मॉर्निंग स्टार स्कूल, इंद्रलोक नगर | 300 |
| 8. प्राथमिक विद्यालय बरबड़ | 300 |
| 9. रेडक्रॉस भवन, विरियाखेड़ी | 300 |
| 10. बोधी स्कूल, डोंगरे नगर | 300 |
| 11. कम्युनिटी हॉल, जवाहर नगर | 300 |
| 12. मांगलिक भवन, सुभाष नगर | 300 |
| 13. आईएमए हॉल, गोशाला रोड | 300 |
| 14. सब्जी मंडी, सैलाना बस स्टैंड | 300 |
| 15. काश्यप सभागृह, सागोद रोड | 300 |
| 16. ईश्वर नगर, शासकीय स्कूल | 300 |
| 17. शांति निकेतन, टाटा नगर | 300 |
| 18. राधाकृष्णन स्कूल, दीनदयाल नगर | 300 |
| 19. सरस्वती स्कूल, अमृतसागर कॉलोनी | 300 |
| 20. नरसिंह वाटिका, सिलावटों का वास | 300 |
| 21. प्राथमिक स्कूल, मोतीनगर | 300 |
| 22. ज्योति कान्वेंट स्कूल, बालाजी नगर | 300 |
| 23. बोहरा बाखल, कम्युनिटी हॉल | 300 |
| 24. माहेश्वरी धर्मशाला कसारा बाजार | 300 |
| 25. हाकिमवाड़ा, यूपीएचसी | 300 |
| 26. अशोक नगर, मदरसा | 300 |
| 27. जमातखाना, शेरानीपुरा | 300 |
| 28. मोमीनपुरा, बड़ी मस्जिद हॉल | 300 |
| 29. मोचीपुरा बड़ी मस्जिद के पास मदरसा हॉल | 300 |
| 30. रजिस्ट्रार ऑफीस, महलवाड़ा | 300 |
| 31. दिलीपनगर, यूपीएचसी | 300 |
| 32. जिला अस्पताल | 300 |
| 33. टीआईटी रोड, यूपीएचसी | 300 |
| 34. अनाज मंडी, महू रोड | 300 |
| 35. रामेश्वर मंदिर, जावरा रोड | 300 |
| 36. डोसीगांव, प्राथमिक स्कूल | 300 |
| 37. कालिका माता मंदिर धर्मशाला | 300 |

### कोवैक्सीन

| क्र. केंद्र | डोज |
|---|---|
| 38. आईएमए हॉल, गोशाला रोड | 200 |
| 39. घटला रेलवे अस्पताल | 200 |
| 40. कम्युनिटी हॉल, अलकापुरी | 200 |
| 41. कालिका माता धर्मशाला | 200 |
| 42. एमसीएच (गर्भवती) | 100 |

भास्कर

## शादियों में सभी को वैक्सीनेटेड होना जरूरी

रतलाम | शादियों की अनुमति लेना है, तो मेहमानों को वैक्सीन लगवाने की अपील पहले ही कर दें। क्योंकि शादियों में आने वाले लोगों को वैक्सीनेटेड होना जरूरी है। इसी शर्त के आधार पर अनुमति दी जाएगी। मल्टीप्लेक्स और टॉकीज में जाने वाले लोगों को वैक्सीन का दूसरा डोज लगवाना अनिवार्य है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया वैक्सीन बचाव है। ऐसे में लापरवाही नहीं होना चाहिए। शादियों में वैक्सीनेशन को लेकर विशेष जोर है।

दै. भास्कर 10/11/21

महा अभियान तैयारियों के लिए बैठक आयोजित की गई

# 10 नवंबर को वैक्सीनेशन महा अभियान पर जिले में लगाए जाएंगे 50 हजार टीके

सिंघम रिपोर्टर ❑ रतलाम

कोविड-वैक्सीन महा अभियान 10 नवंबर को आयोजित किया जा रहा है। उक्त दिवस जिले में 50 हजार टीके लगाए जाएंगे। अभियान की तैयारियों के लिए एक वृहद बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सोमवार शाम आयोजित हुई जिसमें कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा अभियान की रूपरेखा बताई गई। बैठक में शासकीय अधिकारियों के अलावा अशासकीय संस्थाओं के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने बताया कि रतलाम शहर में आगामी 25 नवंबर तक शत प्रतिशत वैक्सीनेशन का लक्ष्य है। शत प्रतिशत लक्ष्य अर्जित करने पर रतलाम पूरे मध्यप्रदेश का पहला शहर होगा। शहर में 70 प्रतिशत सेकंड डोज लग चुका है। महा अभियान दिवस पर 10 नवंबर को पूरे जिले में 50 हजार टीके लगाए जाएंगे। इसके अलावा आगामी 25 नवंबर तक प्रत्येक दिवस 10 हजार टीके लगाने का लक्ष्य है। कलेक्टर ने कहा कि हमारा प्रयास शीघ्र अति शीघ्र पूरे जिले में दोनों डोज शत-प्रतिशत पूरे करना है। शादी ब्याह में भी शत प्रतिशत वैक्सीनेशन पर फोकस किया जाना है। मैरिज गार्डन संचालक सुनिश्चित करेंगे कि उनके यहां होने वाले वैवाहिक आयोजन में सम्मिलित होने वाले सभी शत प्रतिशत व्यक्ति दोनों डोज लगा चुके हो। यदि ऐसा नहीं होगा तो वैवाहिक



अनुमति नहीं दी जाएगी। इसके लिए मैरिज गार्डन संचालक की मांग पर वहां वैक्सीनेशन कैंप भी आयोजित किया जा सकता है।

शत प्रतिशत टीकाकरण के लिए कलेक्टर द्वारा सभी सामाजिक संस्थाओं से भी सहयोग की अपील की गई। उन्होंने लोगों को प्रेरित करने के लिए वातावरण निर्माण की बात कही। रतलाम शहर में 10 नवंबर को प्रत्येक वार्ड में वैक्सीनेशन सेंटर उपलब्ध रहेंगे। कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया कि जिले की सभी कृषि उपज मंडियों में स्थाई वैक्सीनेशन सेंटर की व्यवस्था की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग के प्रत्येक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर स्थाई वैक्सीनेशन सेंटर रहेगा। रजिस्ट्रार तथा सब रजिस्ट्रार कार्यालयों में भी स्थाई वैक्सीनेशन सेंटर रहेंगे। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी प्रत्येक ग्रामीणजन को पता हो कि उसका वैक्सीनेशन सेंटर कहां है। जिला शिक्षा विभाग प्रत्येक स्कूल में अभियान संचालित कर बच्चों के माध्यम से उनके पालकगणों के वचन पत्र भरवाकर प्राप्त करें कि उनके द्वारा वैक्सीन के दोनों डोज लगवा लिया गए हैं।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिड़े, एसडीएम अभिषेक गहलोत, सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे, निगम आयुक्त सोमनाथ झरिया, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. वर्षा कुरील, महिला बाल विकास अधिकारी रजनीश सिन्हा, जन अभियान परिषद् के जिला समन्वयक रत्नेश विजयवर्गीय, गोविंद काकानी, सोमेश पालीवाल, मोहनलाल मुरलीवाला, निलेश गांधी, दृश्य वेलफेयर सोसायटी के नवोदित बैरागी, अन्य सामाजिक संस्थाओ जैसे खुशी एक पहल , रॉबिन हुड आर्मी, लायंस क्लब, मानव सेवा समिति, जय केला माता संस्था, चाइल्ड लाइन, रतनपुरी सीनियर सिटीजन संस्था, आरो आश्रम आदि के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

सिंघम - 9

सिंघम - 9/11/21

# सीएम हेल्पलाइन में कोई भी शिकायत नॉनअटेंड नहीं रहे

## कलेक्टर ने समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

सिंघम रिपोर्टर ☐ रतलाम

समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों के निराकरण की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाइन में कोई भी शिकायत नॉनअटेंड नहीं रहे अन्यथा अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। शिकायत को अटेंड नहीं करना गंभीर लापरवाही है। जैसे ही शिकायत प्राप्त होती है उसका एल वन स्तर पर ही निराकरण सुनिश्चित कर दें।

सीएम हेल्पलाइन में 100 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों की विभागवार समीक्षा की गई। सर्वाधिक शिकायतें कृषि, राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, वित्त, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, श्रम आदि की लंबित हैं। कलेक्टर द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आगामी समय अवधि बैठक के पूर्व 50 प्रतिशत शिकायतों का निराकरण कर दिया जाए। जिला आपूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया की पात्रता पर्ची से संबंधित लंबित शिकायतों का निराकरण किया जाना संभव नहीं है उनका विधिवत फॉर क्लोज किया जाए।

वैक्सीनेशन कार्य की समीक्षा की गई। सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि जिन व्यक्तियों के प्रथम तथा द्वितीय डोज लगाए जाने शेष हैं उनकी सूची तैयार कर दूरभाष पर उनको सूचित किया जाए। इसकी मानिटरिंग एसडीएम स्वयं करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रतिदिन टीकाकरण की रिपोर्ट प्रत्येक संध्या को प्रेषित करें। जीएमडीईसी को निर्देशित किया कि औद्योगिक क्षेत्र में शत प्रतिशत टीकाकरण करवाया जाए।

सिंघम · 9

सिंघम - 9/11/21

# आज से वैक्सीनेशन महा अभियान पर जिले में लगाए जाएंगे 50 हजार टीके

**रतलाम।** कोविड-वैक्सीन महा अभियान 10 नवंबर को आयोजित किया जा रहा है। उक्त दिवस जिले में 50 हजार टीके लगाए जाएंगे। अभियान की तैयारियों के लिए एक वृहद बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सोमवार शाम आयोजित हुई जिसमें कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा अभियान की रूपरेखा बताई गई। बैठक में शासकीय अधिकारियों के अलावा अशासकीय संस्थाओं के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। कलेक्टर ने बताया कि रतलाम शहर में आगामी 25 नवंबर तक शत प्रतिशत वैक्सीनेशन का लक्ष्य है। शत प्रतिशत लक्ष्य अर्जित करने पर रतलाम पूरे मध्यप्रदेश का पहला शहर होगा। शहर में 70 प्रतिशत सेकंड डोज लग चुका है। महा अभियान दिवस पर 10 नवंबर को पूरे जिले में 50 हजार टीके लगाए जाएंगे। इसके अलावा आगामी 25 नवंबर तक प्रत्येक दिवस 10 हजार टीके लगाने का लक्ष्य है। कलेक्टर ने कहा कि हमारा प्रयास शीघ्र अति शीघ्र पूरे जिले में दोनों डोज शत-प्रतिशत पूरे करना है।

अवन्तिका

अवन्तिका 10/11/21

# फ्रीगंज की सड़क खराब, दिनभर उड़ रही धूल

रतलाम | डाट की पुल, न्यू रोड, पॉवर हाउस रोड और कॉन्वेंट स्कूल की रोड सीमेंट कांक्रीट की रोड़ बन गई है। फ्रीगंज की रोड अब तक नहीं बन पाई है। इससे पूरी रोड जर्जर हो रही है और लोगों को आवागमन में दिक्कत आ रही है। चूंकि यह मुख्य मार्ग है। इससे दिनभर वाहनों की आवाजाही बन रहती है। सड़क जर्जर होने से दिनभर धूल उड़ रही है। चूंकि व्यापारिक क्षेत्र है। रहवासियों के साथ कारोबारी परेशान हैं।

सामाजिक कार्यकर्ता अजय टांक एवं हितेंद्र उपाध्याय ने बताया आसपास की सभी सड़कें बन गई हैं। फ्रीगंज की सड़कें सालों से नहीं बनी हैं। इससे आने जाने में दिक्कत आ रही है। वहीं, धूल उड़ने से सास की बीमारी का खतरा बढ़ गया है। फ्रीगंज रोड को फोरलेन बनाया जाए ताकि आवागमन में सुविधा हो।

दे. भास्कर 10/11/21

कलेक्टर कार्यालय शिकायत लेकर पहुंचे लोगों ने कलेक्टर को बताई पीड़ा

# साहब नाले पर 15 से 20 फीट तक कर लिया अवैध कब्जा, बारिश में घर में भराता है पानी



रतलाम. शहर के नालों पर उनके आस-पास के रहवासियों द्वारा किए गए कब्जों से परेशान लोग अब खुलकर शिकायत के लिए सामने आने लगे हैं। दरअसल जिन लोगों ने कब्जा किया हैं, उनकी इस हरकत के चलते बारिश का पानी क्षेत्र के अन्य लोगों के घरों में भराने लगा है, जिसका खामियाजा उन लोगों को परेशान होकर भुगतना पड़ता है। ऐसा ही एक मामला मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान सामने आया।

कलेक्टर के पास मंगलवार को जवाहर नगर के रहवासी शिकायत लेकर पहुंचे। उन्होने बताया कि राम मंदिर से होकर जवाहर नगर और सखवाल नगर के बीच बहने वाले नाले पर 15 से 20 फीट का अतिक्रमण कर लिया गया है। इस कारण नाले में बहने वाला पानी सडकों पर आ जाता है जिससे क्षेत्र में मच्छरों व गंदगी की भरमार हो गई है। अतिक्रमण की वजह से बारिश का पानी घरों के पिछले हिस्से में भर जाता है। रहवासियों ने उक्त समस्या से मुक्ति दिलाए जाने की माग की है। शिकायत को सुनकर कलेक्टर ने उक्त प्रकरण को नालों पर अतिक्रमण वाली सूची में शामिल करने के लिए तहसीलदार शहर को भेजा है।

## बेटियों की पढ़ाई में आ रही परेशानी

तुलसी नगर निवासी कीर्ति ने बताया कि पति की मृत्यु हो चुकी है तथा दो बच्चों का भरण-पोषण करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उसकी दोनों बेटियां निजी स्कूल में अध्ययनरत हैं तथा उनकी फीस भरने के लिए भी उसके पास रुपए नहीं हैं। पीड़िता ने स्कूल की फीस माफ करवाने की मांग की है, जिससे उसकी बेटियां स्कूल में अध्ययन कर सकें। कलेक्टर ने प्रकरण जिला शिक्षा अधिकारी को निराकरण के लिए भेजा है।

पत्रिका 10/11/21

## प्रेमचंद्र फतरोड़ वार्ड पांच के प्रभारी पद से मुक्त

रतलाम। कचरा संग्रहण वाहन के चार चालकों द्वारा बिना सूचना के कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहने व दो कम्प्यूटर आपरेटरों द्वारा सीएम हेल्पलाइन निराकरण कार्य में लापरवाही बरतने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक दिन का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किए जाने का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। कचरा संग्रहण वाहन के चालक कैलाश परमार वार्ड क्रमांक-आठ, दिनेश परमार वार्ड क्रमांक-12, रवींद्र वार्ड क्रमांक-19 व पवन जैथुरिया वार्ड क्रमांक-27 के बिना सूचना के कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहने से कार्य प्रभावित हुआ। कम्प्यूटर आपरेटर नवीन बैरागी व सौरभ अग्रवाल द्वारा आठ नवंबर को सीएम हेल्पलाइन की पूर्व से लंबित शिकायतों को कम नहीं करवाने व स्टेटस अपडेट कर स्वयं अवगत नहीं कराने पर एक दिन का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किए जाने का कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया। इसके अलावा प्रेमचंद्र फतरोड़ को वार्ड क्रमांक-पांच के प्रभारी पद के दायित्व से मुक्त कर सैनिटाइजेशन टीम के टीम लीडर का कार्य आगामी आदेश तक सौंपा गया।

### भौतिक सत्यापन

रतलाम। शहर के सामाजिक सुरक्षा, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन, राष्ट्रीय विधवा पेंशन, राष्ट्रीय निशक्त पेंशन, सामाजिक सुरक्षा वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, निशक्त पेंशन, मानसिक बहुविकलांग पेंशन प्राप्त करने वाले हितग्राहियों का शासन के निर्देशानुसार भौतिक सत्यापन वार्ड दरोगा व नियुक्त कर्मचारियों द्वारा घर-घर जाकर व वार्डवार बनाए गए केंद्रों पर किया जा रहा है।

नईदुनिया 10/11/21

### महा अभियान तैयारियों के लिए बैठक आयोजित की गई

# आज से वैक्सीनेशन महा अभियान पर जिले में लगाए जाएं




**प्रसारण न्यूज़ • रतलाम**

कोविड-वैक्सीन महा अभियान 10 नवंबर को आयोजित किया जा रहा है। उक्त दिवस जिले में 50 हजार टीके लगाए जाएंगे। अभियान की तैयारियों के लिए एक वृहद बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सोमवार शाम आयोजित हुई जिसमें कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा अभियान की रूपरेखा बताई गई। बैठक में शासकीय अधिकारियों के अलावा अशासकीय संस्थाओं के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने बताया कि रतलाम शहर में आगामी 25 नवंबर तक शत प्रतिशत वैक्सीनेशन का लक्ष्य है। शत प्रतिशत लक्ष्य अर्जित करने पर रतलाम पूरे मध्यप्रदेश का पहला शहर होगा। शहर में 70 प्रतिशत सेकंड डोज लग चुका है। महा अभियान दिवस पर 10 नवंबर को पूरे जिले में 50 हजार टीके लगाए जाएंगे। इसके अलावा आगामी 25 नवंबर तक प्रत्येक दिवस 10 हजार टीके लगाने का लक्ष्य है। कलेक्टर ने कहा कि हमारा प्रयास शीघ्र अति शीघ्र पूरे जिले में दोनों डोज शत-प्रतिशत पूरे करना है। शादी ब्याह में भी शत प्रतिशत वैक्सीनेशन पर फोकस किया जाना है। मैरिज गार्डन संचालक सुनिश्चित करेंगे कि उनके यहां होने वाले वैवाहिक आयोजन में सम्मिलित होने वाले सभी शत प्रतिशत व्यक्ति दोनों डोज लगा चुके हो। यदि ऐसा नहीं होगा तो वैवाहिक अनुमति नहीं दी जाएगी।

इसके लिए मैरिज गार्डन संचालक की मांग पर वहां वैक्सीनेशन कैंप भी आयोजित किया जा सकता है। शत प्रतिशत टीकाकरण के लिए कलेक्टर द्वारा सभी सामाजिक संस्थाओं से भी सहयोग की अपील की गई। उन्होंने लोगों को प्रेरित करने के लिए वातावरण निर्माण की बात कही। रतलाम शहर में 10 नवंबर को प्रत्येक वार्ड में वैक्सीनेशन सेंटर उपलब्ध रहेंगे। कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया कि जिले की सभी कृषि उपज मंडियों में स्थाई वैक्सीनेशन सेंटर की व्यवस्था की जाएगी।

स्वास्थ्य विभाग के प्रत्येक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर स्थाई वैक्सीनेशन सेंटर रहेगा। रजिस्ट्रार तथा सब रजिस्ट्रार कार्यालयों में भी स्थाई वैक्सीनेशन सेंटर रहेंगे।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी प्रत्येक ग्रामीणजन को पता हो कि उसका वैक्सीनेशन सेंटर कहां है। जिला शिक्षा विभाग प्रत्येक स्कूल में अभियान संचालित कर बच्चों के माध्यम से उनके पालकगणों के वचन पत्र भरवाकर प्राप्त करें कि उनके द्वारा वैक्सीन के दोनों डोज लगवा लिया गए हैं। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिड़े, एसडीएम अभिषेक गहलोत, सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे, निगम आयुक्त सोमनाथ झरिया, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. वर्षा कुरील, महिला बाल विकास अधिकारी रजनीश सिन्हा, जन अभियान परिषद् के जिला समन्वयक रत्नेश विजयवर्गीय, गोविंद काकानी, सोमेश पालीवाल, मोहनलाल मुरलीवाला, निलेश गांधी, दृश्य वेलफेयर सोसायटी के नवोदित बैरागी, अन्य सामाजिक संस्थाओ जैसे खुशी एक पहल, रॉबिन हुड आर्मी, लायंस क्लब, मानव सेवा समिति, जय केला माता संस्था, चाइल्ड लाइन, रतनपुरी सीनियर सिटीजन संस्था, आरो आश्रम आदि के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## कलेक्ट्रेट, मंडी कार्यालयों में भी

कोरोना वैक्सीनेशन से कोई छूटे नहीं, कोई वंचित नहीं रहे। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर जिले के कृषि उपज मंडी परिसरों में आने वाले किसानों को वैक्सीनेट करने के लिए स्थाई वैक्सीनेशन सेंटर की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा कलेक्ट्रेट परिसर में भी वैक्सीनेशन सेंटर बनाया गया है जहां तैनात टीकाकरण दल कलेक्ट्रेट में आने वालों से वैक्सीन के संबंध में पूछताछ कर रहा है। जिनको वैक्सीन नहीं लगी उनको वैक्सीनेट किया जा रहा है। मंगलवार को वैक्सीनेशन दल द्वारा कलेक्ट्रेट आने वाले 24 व्यक्तियों को वैक्सीनेट किया गया। इसके अलावा जिला मुख्यालय स्थित पंजीयक कार्यालय तथा तहसीलों के उपपंजीयक कार्यालय परिसरों में भी रजिस्ट्री करवाने आने वाले व्यक्तियों को वैक्सीनेट करने के लिए वैक्सीनेशन दल तैनात किए गए हैं।

प्रसारण

प्रसारण 10/11/21

महा अभियान तैयारियों के लिए बैठक आयोजित की गई

# नेशन महा अभियान पर जिले में लगाए जाएंगे 50 हजार टीके




## कलेक्ट्रेट, मंडी परिसरों तथा पंजीयक कार्यालयों में भी वैक्सीनेशन की व्यवस्था

ान संचालक सुनिश्चित करेंगे कि ने वाले वैवाहिक आयोजन में वाले सभी शत प्रतिशत व्यक्ति ा चुके हो। यदि ऐसा नहीं होगा तो ति नहीं दी जाएगी।

ए मैरिज गार्डन संचालक की मांग नेशन कैंप भी आयोजित किया जा त प्रतिशत टीकाकरण के लिए सभी सामाजिक संस्थाओं से भी पील की गई। उन्होंने लोगों को प्रेरित वातावरण निर्माण की बात कही। में 10 नवंबर को प्रत्येक वार्ड में ंटर उपलब्ध रहेंगे। कलेक्टर द्वारा गया कि जिले की सभी कृषि उपज मंडियों में स्थाई वैक्सीनेशन सेंटर की व्यवस्था की जाएगी।

स्वास्थ्य विभाग के प्रत्येक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर स्थाई वैक्सीनेशन सेंटर रहेगा। रजिस्ट्रार तथा सब रजिस्ट्रार कार्यालयों में भी स्थाई वैक्सीनेशन सेंटर रहेंगे।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी प्रत्येक ग्रामीणजन को पता हो कि उसका वैक्सीनेशन सेंटर कहां है। जिला शिक्षा विभाग प्रत्येक स्कूल में अभियान संचालित कर बच्चों के माध्यम से उनके पालकगणों के वचन पत्र भरवाकर प्राप्त करें कि उनके द्वारा वैक्सीन के दोनों डोज लगवा लिया गए हैं। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिड़े, एसडीएम अभिषेक गहलोत, सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे, निगम आयुक्त सोमनाथ झरिया, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. वर्षा कुरील, महिला बाल विकास अधिकारी रजनीश सिन्हा, जन अभियान परिषद् के जिला समन्वयक रत्नेश विजयवर्गीय, गोविंद काकानी, सोमेश पालीवाल, मोहनलाल मुरलीवाला, निलेश गांधी, दृश्य वेलफेयर सोसायटी के नवोदित बैरागी, अन्य सामाजिक संस्थाओ जैसे खुशी एक पहल, रॉबिन हुड आर्मी, लायंस क्लब, मानव सेवा समिति, जय केला माता संस्था, चाइल्ड लाइन, रतनपुरी सीनियर सिटीजन संस्था, आरो आश्रम आदि के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

प्रसारण

कोरोना वैक्सीनेशन से कोई छूटे नहीं, कोई वंचित नहीं रहे। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर जिले के कृषि उपज मंडी परिसरों में आने वाले किसानों को वैक्सीनेट करने के लिए स्थाई वैक्सीनेशन सेंटर की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा कलेक्ट्रेट परिसर में भी वैक्सीनेशन सेंटर बनाया गया है जहां तैनात टीकाकरण दल कलेक्ट्रेट में आने वालों से वैक्सीन के संबंध में पूछताछ कर रहा है। जिनको वैक्सीन नहीं लगी उनको वैक्सीनेट किया जा रहा है। मंगलवार को वैक्सीनेशन दल द्वारा कलेक्ट्रेट आने वाले 24 व्यक्तियों को वैक्सीनेट किया गया। इसके अलावा जिला मुख्यालय स्थित पंजीयक कार्यालय तथा तहसीलों के उपपंजीयक कार्यालय परिसरों में भी रजिस्ट्री करवाने आने वाले व्यक्तियों को वैक्सीनेट करने के लिए वैक्सीनेशन दल तैनात किए गए हैं।



प्रसारण 10/11/21

नवभारत

## वैक्सीनेशन महाअभियान में आज जिले में लगाए जाएंगे 50 हजार टीके

रतलाम। कोविड-वैक्सीन महा अभियान 10 नवंबर को आयोजित किया जा रहा है। उक्त दिवस जिले में 50 हजार टीके लगाए जाएंगे। अभियान की तैयारियों के लिए एक वृहद बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सोमवार शाम आयोजित हुई जिसमें कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा अभियान की रूपरेखा बताई गई। बैठक में शासकीय अधिकारियों के अलावा अशासकीय संस्थाओं के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। कलेक्टर ने बताया कि रतलाम शहर में आगामी 25 नवंबर तक शत प्रतिशत वैक्सीनेशन का लक्ष्य है। शत प्रतिशत लक्ष्य अर्जित करने पर रतलाम पूरे मध्यप्रदेश का पहला शहर होगा। शहर में 70 प्रतिशत सेकंड डोज लग चुका है। महा अभियान दिवस पर 10 नवंबर को पूरे जिले में 50 हजार टीके लगाए जाएंगे। इसके अलावा आगामी 25 नवंबर तक प्रत्येक दिवस 10 हजार टीके लगाने का लक्ष्य है। कलेक्टर ने कहा कि हमारा प्रयास शीघ्र अति शीघ्र पूरे जिले में दोनों डोज शत-प्रतिशत पूरे करना है। शादी ब्याह में भी शत प्रतिशत वैक्सीनेशन पर फोकस किया जाना है। मैरिज गार्डन संचालक सुनिश्चित करेंगे कि उनके यहां होने वाले वैवाहिक आयोजन में सम्मिलित होने वाले सभी शत प्रतिशत व्यक्ति दोनों डोज लगा चुके हो। यदि ऐसा नहीं होगा तो वैवाहिक अनुमति नहीं दी जाएगी। इसके लिए मैरिज गार्डन संचालक की मांग पर वहां वैक्सीनेशन कैंप भी आयोजित किया जा सकता है।

## अब कलेक्ट्रेट, मंडी और पंजीयक कार्यालयों में भी वैक्सीनेशन होगा

रतलाम। कोरोना वैक्सीनेशन से कोई छूटे नहीं, कोई वंचित नहीं रहे। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर कृषि उपज मंडी परिसरों में आने वाले किसानों को वैक्सीनेट करने के लिए स्थाई वैक्सीनेशन सेंटर की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा कलेक्ट्रेट परिसर में भी वैक्सीनेशन सेंटर बनाया गया है जहां तैनात टीकाकरण दल कलेक्ट्रेट में आने वालों से वैक्सीन के संबंध में पूछताछ कर रहा है। जिनको वैक्सीन नहीं लगी उनको वैक्सीनेट किया जा रहा है। मंगलवार को वैक्सीनेशन दल द्वारा कलेक्ट्रेट आने वाले 24 व्यक्तियों को वैक्सीनेट किया गया। इसके अलावा जिला मुख्यालय स्थित पंजीयक कार्यालय तथा तहसीलों के उपपंजीयक कार्यालय परिसरों में भी रजिस्ट्री करवाने आने वाले व्यक्तियों को वैक्सीनेट करने के लिए वैक्सीनेशन दल तैनात किए गए हैं। नवभारत

नवभारत 10/11/21

### कलेक्टर ने समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

# सीएम हेल्पलाइन में कोई भी शिकायत नॉनअटेंड नहीं रहे

● रतलाम

**समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक कल कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों के निराकरण की समीक्षा करते हुए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाइन में कोई भी शिकायत नॉनअटेंड नहीं रहे अन्यथा अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। शिकायत को अटेंड नहीं करना गंभीर लापरवाही है। जैसे ही शिकायत प्राप्त होती है उसका एल वन स्तर पर ही निराकरण सुनिश्चित कर दें।**



सीएम हेल्पलाइन में 100 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों की विभागवार समीक्षा की गई। सर्वाधिक शिकायतें कृषि, राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, वित्त, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, श्रम आदि की लंबित हैं। कलेक्टर द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आगामी समय अवधि बैठक के पूर्व 50 प्रतिशत शिकायतों का निराकरण कर दिया जाए। जिला आपूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया की पात्रता पर्ची से संबंधित लंबित शिकायतों का निराकरण किया जाना संभव नहीं है उनका विधिवत फॉर क्लोज किया जाए। वैक्सीनेशन कार्य की समीक्षा की गई। सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि जिन व्यक्तियों के प्रथम तथा द्वितीय डोज लगाए जाने शेष हैं उनकी सूची तैयार कर दूरभाष पर उनको सूचित किया जाए। इसकी मानिटरिंग एसडीएम स्वयं करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रतिदिन टीकाकरण की रिपोर्ट प्रत्येक संध्या को प्रेषित करें। जीएमडीईसी को निर्देशित किया कि औद्योगिक क्षेत्र में शत प्रतिशत टीकाकरण करवाया जाए।

**कोविड-जांच हेतु दुकानदारों के सैंपल लेंगे-** दीपावली पर्व के पश्चात विगत दिनों बाजारों में त्योहारी हलचल के मद्देनजर जिला प्रशासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि रतलाम शहर के बाजारों में दुकानदारों के सैंपल लिए जाएंगे और कोविड-जांच की जाएगी। कलेक्टर ने बताया कि त्योहारी मौसम में दुकानदार अधिक संख्या में ग्राहकों के संपर्क में आए हैं इसलिए कोरोना प्रसार पर नियंत्रण के दृष्टिगत दुकानदारों के सैंपल लिए जाना है।

## नलजल योजना में धीमी गति से काम, कलेक्टर ने लगाई फटकार

जल जीवन मिशन के अंतर्गत रतलाम ग्रामीण के ग्राम सेमलिया में कार्य पूरा नहीं होने पर कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा सख्त नाराजगी व्यक्त की गई। कलेक्टर ने चेतावनी दी है कि ठेकेदार द्वारा यदि दो दिवस में कार्य पूरा नहीं किया गया तो उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही संबंधित सहायक यंत्री तथा उपयंत्री भी निलंबित किए जाएंगे। कलेक्टर पुरुषोत्तम बुधवार को रतलाम ग्रामीण क्षेत्र का भ्रमण करेंगे, वे सेमलिया में नल जल योजना के कार्य का निरीक्षण करेंगे।

## शराब व उचित मूल्य दुकानों के ग्राहकों को वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित करेंगे

जिले में कोरोना वैक्सीन के दोनों डोज शत प्रतिशत व्यक्तियों को सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि जिले में उचित मूल्य की दुकानों पर आने वाले उपभोक्ताओं, शराब की दुकानों पर आने वाले ग्राहकों तथा सहकारी संस्थाओं पर खाद-बीज के लिए आने वाले किसानों को दुकानदारों द्वारा प्रेरित किया जाएगा कि वह कोरोना के दोनों डोज लगवाना सुनिश्चित करें। अगर नहीं लगवाए गए हैं तो लगाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। अग्निबाण 9/11/21

अग्निबाण 9/11/21

निगम लगाएगी रही सीसीटीवी कैमरे

# सुभाष शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में दुकान लेने का आज अंतिम दिन



रतलाम. शहर के महू रोड स्थित नगर निगम द्वारा बनाए गए सुभाष शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में ई निविदा भरने का बुधवार को अंतिम दिन है। 99 दुकानों के लिए निकली निविदा को निगम एक बार पूर्व में बढ़ा चुका है। निगम का यह पहला मार्केट है जिसमे सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे।

नगर निगम ने एक दशक पूर्व इस मार्केट को बनवाया था। कुल 103 दुकान वाले इस मार्केट में अब तक मात्र 3 दुकानों की ही बिक्री हुई। इसके बाद विवाद के चलते निगम ने मार्केट की बिक्री को बंद कर दिया। शहर में विकास के लिए जब रुपयों की जरुरत हुई तब निगम को अपनी प्रापर्टी की याद आई। इसके बाद इसमे बची हुई 99 दुकानों की नीलामी करना तय किया गया।

इन दुकानों में रखरखाव के अभाव के चलते दुकानों के शटर जर्जर हो गए थे। इसके अलावा गंदगी का साम्राज्य स्थापित हो गया था। यहां पर नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया व रखरखाव कार्य की शुरुआत करवाई। इस दौरान जिन दुकानों के पतरे जर्जर हो गए थे उनको बदला गया व मार्केट में नया रंगरोगन करवाया गया। इतना ही नहीं यहां दुकान लेने वालों की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगवाने का भी निर्णय लिया गया।

शहर में सुभाष शॉपिंग काम्प्लेक्स में ई निविदा भरने के लिए बुधवार अंतिम दिन है। इसका लाभ सभी को उठाना चाहिए। इस मार्केट की बिक्री से प्राप्त राशि से शहर में विकास कार्य किए जाएंगे। - **सोमनाथ झारिया,** आयुक्त नगर निगम

पत्रिका

पत्रिका 10/11/21

**गुहार** जिला स्तरीय जनसुनवाई में 39 आवेदन आए

# नाले पर अतिक्रमण हटाया जाए



कलेक्टोरेट परिसर मे जनसुनवाई करते हुए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम। • नईदुनिया

रतलाम। जिला स्तरीय जनसुनवाई में मंगलवार को 39 आवेदन आए। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, अपर कलेक्टर एमएल आर्य, सीईओ जिला पंचायत जमुना भिडे ने आवेदकों की समस्या सुनी और निराकरण के लिए संबंधित विभागों को निर्देश जारी किए।

जनसुनवाई में एक महिला द्वारा अपनी छोटी बहन के संबंध में आवेदन दिया गया कि उसके पति द्वारा महिला की छोटी बहन के साथ कई वर्षों से दुष्कर्म किया गया। दुष्कर्मी जीजा के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज कराया गया। महिला छोटी बहन को आर्थिक सहायता दिलाने व रोजगार की व्यवस्था की मांग की। आवेदन पर संबंधित विभाग को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया।

जवाहर नगर के नागरिकों ने जनसुनवाई में आवेदन देते हुए बताया कि राम मंदिर से जवाहर नगर और सखवाल नगर के बीच बहने वाले नाले पर 15 से 20 फीट का अतिक्रमण कर लिया गया है। अतिक्रमण के कारण नाले में बहने वाला पानी सड़कों पर आ जाता है। जिससे क्षेत्र में मच्छरों व गंदगी की भरमार हो गई है। बारिश के मौसम में अतिक्रमण की वजह से पानी घरों के पिछले हिस्से में भर जाता है। इस प्रकरण को नालों पर अतिक्रमण वाली सूची में शामिल करने के लिए तहसीलदार शहर को भेजा

तुलसी नगर (कस्तूरबा नगर) निवासी कीर्ति राठौर ने आवेदन में बताया कि उनके पति की कोरोना काल में मृत्यु हो चुकी है। उनके द्वारा घरों में जाकर मजदूरी का कार्य किया जाता है। उनकी दो पुत्रियां निजी स्कूल में अध्ययनरत हैं तथा उनकी फीस भरने के रुपये नहीं है, अत: स्कूल की फीस माफ करवाई जाए। प्रकरण जिला शिक्षा अधिकारी को निराकरण के लिए भेजा गया है।

नईदुनीया 10/11/21

## राम मंदिर से सखवाल नगर तक जा रहे नाले पर 15 से 20 फीट का अतिक्रमण

**जनसुनवाई में कलेक्टर को शिकायत की**

रतलाम | मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में हुई जिला स्तरीय जनसुनवाई में 39 आवेदन आए। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने आवेदकों की समस्या सुन विभागीय अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। जवाहरनगर के नागरिकों ने आवेदन में बताया राम मंदिर से होकर जवाहरनगर और सखवाल नगर तक जा रहे नाले पर कुछ लोगों ने 15 से 20 फीट अतिक्रमण कर लिया है। नाले का गंदा पानी सड़क पर आ जाता है। मच्छरों व गंदगी की भरमार हो गई है। कलेक्टर ने प्रकरण को नालों पर अतिक्रमण वाली सूची में शामिल करने तहसीलदार को भेज दिया। इसी प्रकार तुलसीनगर निवासी कीर्ति राठौर ने बताया पति की कोरोना काल में मृत्यु हो चुकी है। मजदूरी करती हैं। दो पुत्रियां रामदास स्कूल में पढ़ती हैं, उनकी फीस भरने के लिए रुपए नहीं हैं। अतः फीस माफ करवाई जाए।

दे. भास्कर 10/11/21